[This question paper contains 8 printed pages.]

**2460** Your Roll No. .............

**LL.B. / III Term** **F**

Paper LB-301 : CONSTITUTIONAL LAW–I

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी :– इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Attempt any* **Five** *questions in all.*

**All** *questions carry equal marks.*

कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. Indian constitution is a unitary constitution with federal feature. The constitution of India does not establish a federal union, but the federal principles were

P.T.O.

inserted such an extent that it can describe as a quasi-yederal constitution. Critically examine the nature of Indian constitution in the light of the above statement with the help of decided cases. (20)

भारत का संविधान परिसंघात्मक विशेषताएँ रखने वाला एकात्मक संविधान है। भारत का संविधान परिसंघीय संघ स्थापित नहीं करता है किन्तु परिसंघीय सिद्धांतों को इस सीमा तक अन्तःस्थापित किया गया है कि इसको परिसंघीयवत् संविधान कहा जा सकता है। विनिश्चित केसों की सहायता से उक्त कथन को ध्यान में रखते हुए भारतीय संविधान के स्वरूप की समीक्षात्मक जांच कीजिए।

2. (a) Discuss the constitutional validity of following :
'The Government of India entered into an agreement with the government of Bangladesh to transfer certain area of land on perpetual lease from India to Bangladesh. Whether such a transfer requires a constitutional amendment to take affect? Explain with the help of decided cases.' (10)

(b) Critically analyse the 'Doctrine of Repugnancy' with the help of decide cases. (10)

(क) "निम्नलिखित की संवैधानिक वैधता का विवेचन कीजिए :



भारत सरकार ने कतिपय भू-क्षेत्रों को शाश्वत् पट्टे पर भारत से बांग्लोदेश को अंतरित करने के लिए बांग्लादेश सरकार के साथ करार किया।' क्या ऐसे अंतरण को प्रभावी करने के लिए संवैधानिक संशोधन किया जाना अपेक्षित है? विनिश्चित केसों की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

(ख) विनिश्चित केसों की सहायता से 'विरुद्धता के सिद्धान्त' का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।

3. (a) Discuss the power of governor to promulgate an ordinance in the light of the decided case law.

(b) A private channel had talecast a programme on 12th December 2005, depicting 10 MPs of Lok Sabha and One MPs of the Rajya Sabha accepting money, as consideration for raising questions in the House. They were expelled by the presiding officers of respective Houses. In the light of aforesaid facts, Does Apex court have the jurisdiction to decide the content and scope of powers, privileges and immunities of legislatures and its members? (10)

Can the presiding officer have the power of expulsion of its members by virtue of A. 105? (10)

(क) विनिश्चित निर्णय विधि को ध्यान में रखते हुए राज्यपाल की अध्यादेश को प्रख्यापित करने की शक्ति का विवेचन कीजिए।

(ख) एक प्राइवेट चैनल ने 12 दिसम्बर 2005 को लोक सभा के 10 सांसदों तथा राज्य सभा के एक सांसद को सदन में प्रश्न पूछने हेतु प्रतिफल के रूप में धन स्वीकार करते हुए चित्रित करने वाला एक प्रोग्राम प्रसारित किया था। उनको अलग अलग सदनों के पीठासीन अधिकारियों द्वारा निष्कासित कर दिया गया था। उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए क्या शीर्ष न्यायालय के पास विधानमंडलो तथा इसके सदस्यों की शक्तियों, विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों की अन्तर्वस्तु तथा परिव्याप्ति को विनिश्चित करने का क्षेत्राधिकार है?

क्या पीठासीन अधिकारी अनुच्छेद 105 के आधार पर अपने सदस्यों को निष्कासित करने का अधिकार रखता है।

4. (a) Discuss the following with the help of decided cases. Explain the principle of collective responsibility. Does it apply in case where house is dissolved. (10)

(b) Explain the provisions/features of 99th constitution Amendment Act, 2014. (10)



(क) विनिश्चित केसों की सहायता से निम्नलिखित का विवेचन कीजिए। सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। क्या यह उस केस पर लागू होता है जहां सदन का विघटन हो गया है?

(ख) 99वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2014 के उपबंधों/विशेषताओ की व्याख्या कीजिए।

5. (a) Explain the procedure for appointment of supreme court and High Court judges. What do you mean by "in consultation with chief justice of India". Discuss with the help of case laws. (10)

(b) Discuss the concept of 'aid and advice of council of Minister to the president of India.' Discuss with the help of decided cases. (10)

(क) उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति हेतु प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए। "भारत के मुख्य न्यायमूर्ति के साथ परामर्श" से आपका क्या अभिप्राय है? निर्णय विधि की सहायता से विवेचन कीजिए।

(ख) 'भारत के राष्ट्रपति को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह' की संकल्पना का विवेचन कीजिए। विनिश्चित केसों की सहायता से विवेचन कीजिए।

6. (a) A state government law banned the use of loud speakers after 10 p.m. in the interest of public for reducing noise pollution. Is the law valid? [Entry 31, List I : Post and telegraph, telephones, wireless broadcasting and other like forms of communications. Entry 6, List II 1 : Public health and sanitations, hospital and dispensaries]. (10)

(b) Discuss and explain the doctrine do with and substance with help decided cases. (10)

(क) एक राज्य सरकार की विधि ने ध्वनि-प्रदूषण कम करने हेतु लोकहित में 10 बजे अपराह्न के बाद लाउड स्पीकर के प्रयोग पर पाबन्दी लगा दी। क्या विधि वैध है? [सूची I, प्रविष्टि 31: डाक-तार, टेलीफोन, बेतार, प्रसारण और वैसे ही अन्य संचार शोध न। सूची II, प्रविष्टि 6 : लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता; अस्पताल और औषधालय]

(ख) विनिश्चित केसों की सहायता से 'सार-मर्म के सिद्धान्त' की व्याख्या तथा विवेचन कीजिए।

7. Discuss the limitation within which the freedom of trade and commerce can be enjoyed.

State 'A' grants unconditional exemptions from payment of tax to producers of edible oil with in the state for 10 years. The producers of edible oil from other states are subject to sale tax at 10%. Discuss the validity of the said exemption. (20)



उस परिसीमा का विवेचन कीजिए जिसके अन्तर्गत व्यापार तथा वाणिज्य की स्वतंत्रता को भोगा जा सकता है।

राज्य A ने राज्य के अन्दर 10 वर्षों के लिए खाद्य तेल के उत्पादकों के लिए कर की अदायगी से बिना शर्त छूट प्रदान कर दी। अन्य राज्यों के खाद्य तेल के उत्पादकों को 10% बिक्री कर देना पड़ता है। उक्त छूट की वैधता का विवेचन कीजिएं

8. The governor of state 'Z' send a report to the President recommending the imposition of president rule in the state. The governor did not even allow legislatures to take oath as legislatures in the assembly of the state. The governor did not call any party to form the goverrnment and prove majority on the floor of the house. Whether such recommendation is constitutionally valid? Discuss with the help of decided case law. (20)

राज्य Z के राज्यपाल ने राज्य में राष्ट्रपति शासन के अधिरोपण की संस्तुति करते हुए राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजी। राज्यपाल ने राज्य की

विधान सभा में विधायकों के रूप में शपथ ग्रहण करने की अनुमति भी नहीं दी। राज्यपाल ने किसी भी दल को सरकार बनाने और सदन के पटल पर बहुमत साबित करने के लिए आमंत्रित नहीं किया। क्या ऐसी संस्तुति संवैधानिक रूप से विधिसम्मत हैं? विनिश्चित निर्णय विधि की सहायता से विवेचन कीजिए।